कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक:-29.11.2024

विषय:- क्षेत्र में चोरी/लूट/नकबजनी/टप्पेबाजी की घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्री चंद्रकांत मीना द्वारा थाना शिवपुर में सर्राफा व्यवसायियों, व्यापारियों तथा समस्त अपार्टमेन्ट के सोसायटी के अध्यक्षों के साथ मीटिंग की गयी।

आज दिनांक 29.11.2024 को श्री चन्द्रकान्त मीना, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन द्वारा क्षेत्र में चोरी/नकबजनी/टप्पेबाजी आदि घटनाओं की रोकथाम हेतु थाना शिवपुर परिसर में थाना स्थानीय के सर्राफा व्यवसायियों, व्यापारियों तथा अपार्टमेन्ट सोसायटी के अध्यक्षों के साथ मीटिंग की गयी। उक्त मीटिंग के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं पर परिचर्चा की गयी।

1. पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन द्वारा थाना क्षेत्र में घटित चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी आदि घटनाओं के अनावरण मे सहयोग करने एवं उनकी रोकथाम हेतु मुख्य स्थानों पर अधिक से अधिक सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाने के संबंध में अपील की गयी।
2. थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों, तिराहों, चौराहों तथा स्कूलों व मुख्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के आस-पास जाम की समस्या तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने व ब्रेकर आदि बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
3. अपार्टमेन्ट व कालोनियों के आस-पास देशी व अंग्रेजी शराब का ठेका होने के कारण शाम के समय गलियों में अनावश्यक लोगों के एकत्रित होने व घूमते हुए पाये जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार विधि सम्मत कार्यवाही करने हेतु प्रभारी निरीक्षक शिवपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
4. मीटिंग में उपस्थित अपार्टमेन्ट सोसायटी के अध्यक्षों को अपार्टमेन्ट तथा उसके आस-पास की अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु मुख्य स्थानों पर अनिवार्य रुप से सीसीटीवी कैमरे लगाने, आगन्तुक रजिस्टर बनाने तथा उसमें नियमित इन्ट्री करने हेतु हिदायत दी गयी।
5. श्री चन्द्रकान्त मीना, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन द्वारा क्षेत्र में जाम की समस्या के निवारण हेतु सड़कों के किनारे अतिक्रमण की रोकथाम तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु यातायात नियमों का अक्षरशः पालन किये जाने हेतु जनसहयोग की भी अपील की गयी।

उक्त मीटिंग में श्री विदुष सक्सेना, सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट व प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तथा निरीक्षक अपराध विद्याशंकर शुक्ल थाना शिवपुर मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन
कमिश्नरेट-वाराणसी ।